फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संसद भवन,

नई दिल्ली-110001

तारीख: 13.10.2023

कार्यालय ज्ञापन

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में सितंबर, 2023 का मासिक सारांश।

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ संसदीय कार्य मंत्रालय के सितंबर, 2023 के मासिक सारांश की एक प्रति अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

हस्ता./-

(पी.के. त्रिपाठी)

अवर सचिव, भारत सरकार

011 -23034746

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उप-राष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय का सितंबर, 2023 का मासिक सारांश।**

1. **माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:-**

**I. लोक सभा में पुरःस्थापित किए गए विधेयक**

1. संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023

**III. लोक सभा में पारित किए गए विधेयक**

1. संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023

**III. राज्य सभा में पारित किए गए विधेयक**

1. संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023

**IV. संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयक**

1. संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

सितंबर, 2023 के अंत में, लोक सभा के 754 और राज्य सभा के 632 आश्वासन लंबित थे। माह के दौरान, लोक सभा सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के कहने पर 05 आश्वासन जोड़े गए जबकि सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति, राज्य सभा के कहने पर 02 आश्वासन जोड़े गए।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यकरण**

सितंबर, 2023 माह में-

क. परामर्शदात्री समितियों 2 बैठकें आयोजित की गई।

ख. सरकार द्वारा गठित विभिन्न परामर्शदात्री समितियों/बोर्डों/परिषदों/आयोगों में 02 संसद सदस्यों को नामित किया गया।

उपरोक्त से संबंधित विवरण **अनुबंध–I** में दिया गया है।

- **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में लोक सभा में नियम 377 और राज्य सभा में नियम 180 ए-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों की स्थिति निम्नानुसार है:-

| | **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामले** | **राज्य सभा में नियम 180-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामले** |
|---|---|---|
| दिनांक 01.09.2023 को लंबित मामले | 509 | 100 |

| | | |
|---|---|---|
| माह के दौरान उठाए गए मामले | 000 | 000 |
| कुल मामले | 509 | 100 |
| माह के दौरान प्राप्त उत्तर | 108 | 013 |
| माह के अंत में लंबित मामले | **401** | **087** |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना**

क. केंद्रीय विद्यालयों के लिए 33वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 का पुरस्कार वितरण समारोह 1 सितंबर, 2023 को आयोजित किया गया।

ख. सितंबर, 2023 माह के दौरान, कुल 149 संस्थानों ने एनवाईपीएस पोर्टल पर पंजीकरण किया। 45 संस्थानों ने युवा संसद की बैठक आयोजित करने के बाद एनवाईपीएस पोर्टल पर पूर्ण या आंशिक रूप से फोटो, वीडियो, रिपोर्ट, छात्रों का विवरण आदि अपलोड किया।

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

सितंबर, 2023 माह के दौरान नेवा के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियां की गईं:

**1. गुजरात में नेवा परियोजना का उद्घाटन -** भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने श्री भूपेन्द्र पटेल, मुख्यमंत्री, गुजरात और श्री शंकर चौधरी, अध्यक्ष, गुजरात विधान सभा की उपस्थिति में 13 सितंबर, 2023 को गुजरात विधान सभा में डिजिटल विधानमंडल हेतु नेवा परियोजना का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने भी भाग लिया था।

2. **सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा गुजरात विधान सभा का दौरा** - सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों ने 4 से 7 सितंबर, 2023 के दौरान और 11 से 17 सितंबर, 2023 के दौरान गुजरात विधान सभा का दौरा किया ताकि नेवा प्लेटफार्म पर लाइव होने से पहले सदन के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा सके। नेवा प्लेटफार्म के माध्यम से गुजरात विधान सभा को डिजिटल विधान सभा बनाने में उत्कृष्ट कार्य के लिए माननीय अध्यक्ष, श्री शंकरभाई चौधरी द्वारा टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

3. **सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा मेघालय विधान सभा का दौरा** - सीपीएमयू नेवा के तीन अधिकारियों ने विधान सभा के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए 15 से 22 सितंबर, 2023 के दौरान मेघालय विधान सभा, शिलांग का दौरा किया ताकि वे अपने सत्र नेवा प्लेटफार्म पर सफलतापूर्वक संचालित कर सकें।

4. **सीपीएमयू नेवा के अधिकारियों द्वारा पंजाब विधान सभा का दौरा** - सीपीएमयू नेवा के चार अधिकारियों ने 21 से 22 सितंबर, 2023 के दौरान पंजाब विधान सभा में नेवा परियोजना के उद्घाटन में भाग लेने के लिए पंजाब विधानसभा, चंडीगढ़ का दौरा किया। पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री, श्री भगवंत मान ने राज्य के डिजिटल विधानमंडल की कार्यवाहियों हेतु एक नये युग की शुरूआत करते हुए पंजाब विधानसभा में नेवा का उद्घाटन किया।

5. **त्रिपुरा विधान सभा के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सीपीएमयू, नेवा का दौरा** - अपर सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने 25 सितंबर, 2023 को दिल्ली में त्रिपुरा विधानसभा के अपर सचिव के साथ बैठक की। उन्होंने विधान सभा में नेवा परियोजना के कार्यान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन किया। अपर सचिव, त्रिपुरा विधानसभा ने केंद्रीय अनुदान की दूसरी किस्त जारी किए जाने के लिए उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बारे में आश्वासन दिया।

6. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित कार्यशाला -** सीपीएमयू नेवा टीम ने 13 सितंबर, 2023 को 'विधेयक मॉड्यूल' पर प्रशिक्षण और प्रदान हेतु पंजाब विधान सभा के साथ आभासी सम्मेलन का आयोजन किया।

7. **आंतरिक लेखा परीक्षा विंग द्वारा बिहार (दोनों सदन) में नेवा की लेखा परीक्षा -** कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार की आंतरिक लेखा परीक्षा विंग (आईएडब्ल्यू) ने किस्तें जारी करने के संबंध में बिहार (दोनों सदन) में परियोजना की वित्तीय लेखा परीक्षा की। 18-22 सितंबर, 2023 तक परियोजना की लेखा परीक्षा करने के लिए सीपीएमयू नेवा के 2 सदस्य भी आईएडब्ल्यू के साथ गए थे।

**8. नेवा प्लेटफार्म पर सत्र संचालित करने के लिए विभिन्न विधान सभाओं को प्रदान की गई सहायता** - सीपीएमयू नेवा टीम द्वारा उत्तर प्रदेश (दोनों सदन), बिहार विधान परिषद, पंजाब विधान सभा, ओडिशा और त्रिपुरा विधान सभा अपेक्षित सहायता प्रदान की गई ताकि वे नेवा प्लेटफार्म का निर्बाध उपयोग कर सकें।

- **प्रोटोकॉल और कल्याण**

  संसद के विशेष सत्र, 2023 के लिए माननीय रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा 17 सितंबर, 2023 को दोनों सदनों में सभी दलों के नेताओं के साथ बुलाई गई बैठक आयोजित की गई।

- **हिंदी**

  **(क)** मंत्रालय में 14 से 29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी अनुभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां की गई:-

  1. दिनांक 15.09.23 को मंत्रालय के दो अनुभागों का राजभाषायी निरीक्षण किया गया।
  2. दिनांक 18.09.23 को हिंदी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन।
  3. दिनांक 19.09.23 को [जी 20 शिखर सम्मेलन, 2023], [भारत का चंद्रयान-3 मिशन] और [भारत का आदित्य एल-1 मिशन] विषय पर तीन हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन।
  4. दिनांक 20.09.23 को हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन।
  5. दिनांक 21.09.23 को गैर हिंदी भाषी कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता का आयोजन।
  6. दिनांक 22.09.23 को हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता और हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन।
  7. दिनांक 29.09.2023 को हिंदी पखवाड़े का मुख्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सचिव महोदय द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

  **(ख)** 26 सितंबर, 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले

   -शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन हेतु स्वीकृति' के मामलों की संख्या

   -शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

-शून्य-

5. जारी स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)

मंत्रालय ने सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जन आंदोलन हेतु और हर किसी के कार्य के रूप में स्वच्छता की अवधारणा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से श्रमदान गतिविधियों के लिए 15 सितंबर, 2023 से 02 अक्टूबर, 2023 तक स्वच्छता ही सेवा - 2023 अभियान मनाया। शुरुआत में, मंत्रालय में स्वास्थ्य ही सेवा के तहत गतिविधियों को शुरू करने/तेज करने के लिए, सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंत्रालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्हें कचरा मुक्त भारत सुनिश्चित करने के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित किया।

स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए मंत्रालय के कर्मचारियों ने मंत्रालय के सभी अनुभागों में स्वच्छता अभियान चलाया और कार्यालय स्थल को साफ-सुथरा रखने के लिए पुरानी अनुपयोगी वस्तुओं की नीलामी के लिए पहचान की गई। सचिव और अपर सचिव द्वारा मंत्रालय के भीतर सभी अनुभागों/स्थानों का निरीक्षण किया गया और कार्यालय पारिस्थितिकी तंत्र में यथासंभव स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए उचित निर्देश दिए गए। स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता लाने के लिए, संसदीय कार्य मंत्रालय ने केंद्रीय विद्यालय, गोल मार्केट, नई दिल्ली में "राष्ट्र निर्माण में स्वच्छता की भूमिका" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया ताकि उन्हें स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा सके। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया जो मंत्रालय में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

2 अक्टूबर, 2023 को महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए, संसदीय कार्य मंत्रालय ने कचरा मुक्त भारत के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) जन आंदोलन की परिणति के रूप में 01.10.2023 को सुबह 10:00 बजे नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पेशवा रोड, नई दिल्ली और इसके आस-पास स्वच्छता हेतु एक तारीख-एक घंटा-एक साथ श्रमदान का आयोजन किया।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति

इस मंत्रालय के तत्वावधान में कोई स्वायत्त निकाय नहीं है।

7. शासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल और अनुप्रयोगों के उपयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी

- लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति स्थिति

वर्तमान में मंत्रालय में वरिष्ठ स्तर के सभी पद भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

अनुबंध– I

**सितंबर, 2023 माह में आयोजित परामर्शदात्री समितियों की बैठकों का विवरण**

| क्र.सं. | दिन, दिनांक और समय | मंत्रालय | विषय | स्थान/टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुरूवार, 14 सितंबर, 2023 दोपहर 12.15 बजे | विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा | इंडियन कार्बन मार्केट फ्रेमवर्क | हैदराबाद, तेलंगाना |
| 2. | मंगलवार, 19 सितंबर, 2023 सांय 6.00 बजे | कोयला और खान | एनएमईटी का प्रदर्शन और देश में अन्वेषण को प्रोत्साहित करने में इसकी भूमिका और जिम्मेदारी | समिति कक्ष "ग", संसदीय सौध, नई दिल्ली |

**उन सांसदों की सूची जिन्हें भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न समितियों/बोर्डों/परिषदों/आयोगों आदि में सितंबर, 2023 के दौरान नामित किया गया**

| क्र.सं. | समितियों/बोर्डों/परिषदों/आयोगों आदि का नाम | संसद के मनोनीत सदस्यों के नाम | | नामांकन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | लोक सभा | राज्य सभा | |
| 1. | जोनल रेलवे उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति (जैडआरयूसीसी) में संसद सदस्यों का नामांकन | श्री दिलीप घोष<br>श्री प्रताप चंद्र सारंगी | | 29.09.2023 |